प्रतिभा खोज

अग्रवाल महाविद्यालय के प्रागंण में दिनाँक 07–08–2015 को "प्रतिभा खोज" का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के नव–छात्रों व छात्राओं के साथ वरिष्ठ छात्रों व छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभाओं को निर्णायक मंडल के समक्ष बढ़–चढ़कर व उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया. कार्यक्रम में डॉ० के एल कौशिक (निर्देशक युवा कल्याण व नृत्य विभाग अध्यक्ष) डॉ० पूनम आनन्द, (संयोजिका सास्कृतिक समिति), डॉ० शिल्पा गोयल (सहसंयोजिका), श्रीमती किरण आनन्द (प्रभारी, साहित्यिक कार्यक्रम), श्री संजीव गुप्ता (प्रभारी, रंगमंच), श्रीमती पूजा शर्मा (प्रभारी, संगीत विभाग), डॉ० प्रवीन गुप्ता (प्रभारी, ललित कला) व श्रीमती नीलम (संगीत प्राध्यापिका) उपस्थित हुए.

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ. कार्यक्रम में डॉ० शिल्पा गोयल के द्वारा सभी का स्वागत किया गया. प्रतिभा खोज का कार्यक्रम पाँच विभागों में वितरित किया गया. जिसमें ललित कला, साहित्यिक, नृत्य, संगीत एवं रंग–मंच आदि सम्मिलित रहें. जिसमें लगभग 250 से 300 विद्यर्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. निर्णायक मंडल ने उच्चकोटि प्रतिभा संपन्न छात्रों को चयनित कर उनके नामों की घोषणा की. डॉ0 के.एल. कौशिक ने अपने वक्तव्य में सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डाला और पिछले वर्षों में महाविद्यालय के द्वारा अर्जित विश्वविद्यालय, राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय सांस्कृतिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में बताया. उन्होंने यह भी बताया की मेघावी छात्र–छात्राओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया की महाविद्यालय के अनेक छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नही सार्क देशों में बहतरीन प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है.

कार्यक्रम मे रंगमंच के मन्झे हुए भूतपूर्व विद्यार्थियों का समूह भी उपस्थित रहा. भावना जैन व रीना चौधरी को विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अनेक बार पुरुस्कृत किया गया. सभी विभाग प्रभारियों ने चयनित प्रतिभा संमपन्न विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम का संचालन दिव्या शर्मा, पूजा शर्मा, हर्ष मलिक व विमल शर्मा ने शानदार तरिके से किया. कार्यक्रम का समापन डॉ० पूनम आनन्द के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ हुआ.